## महत्वपूर्ण एवं खास

### बीच सडक़ पर पेट्रोल से भरी टैंकर में लगी आग, मचा हड़कंप, ड्रायवर ने कूद कर बचाई जान

**भिलाई (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के भिलाई में शुक्रवार रात पावर हाउस मारूती शोरूम के पास करीब 9 बजे टैंकर में भयानक आग लग गई। आग की लपटें ऐसी थीं कि दूर दूर तक धुआं ही धुआं दिखाई दे रहा था। आग लगने की सूचना मिलने बाद फायर बिग्रेड मौके पर तो पहुंचा लेकिन वह भी टैंकर तक नहीं पहुंच पा रहा। आग के साथ बीच-बीच में टैंकर से धमाके भी हो रहे थे। जिससे लोगों में दहशत हो गई थी। इस दौरान फोरलेन पर दोनों ओर लंबा जाम लग गया। गौरतलब हो कि फोरलेन पर उस समय हडक़ंप मच गया जब बीच सडक़ पर अचानक टैंकर में आग लग गई। टैंकर में ज्वलनशील पादार्थ लोड़ होने की बात कही जा रही है। टैंकर रायपुर से दुर्ग की ओर जा रहा था। आग कैसे लगी इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। फायर ब्रिगेड टीम को सूचना के बाद करीब सवा 9 बजे तक वे पहुंच गए लेकिन टैंकर तक पहुंचने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। मौके पर छावनी थाने की पुलिस व यातायात विभाग के जवानों ने मोर्चा संभाला। दमकल कर्मियों ने आम बुझाना शुरू कर दिया है। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है।

### चाकू एवं लोहे की छड़ से मारकर आहत करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** मोवा स्थित शराब दुकान के पास मामूली बात पर तीन युवकों ने एक युवक पर चाकू व छड़ से हमला कर घायल कर दिया था। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी जीतेन्द्र धीवर ने थाने में शिकायत किया था कि मोवा स्थित शराब दुकान में शराब खरीदने गया थाँ शराब खरीदते समय प्रार्थी का पैर एक अज्ञात व्यक्ति को लग गया जिस पर अज्ञात व्यक्ति प्रार्थी को गाली देने लगा प्रार्थी द्वारा भीड में पैर लग गया जानबूझ कर नहीं किया हूं कहकर प्रार्थी वहां से चला गया। प्रार्थी शराब खरीद कर बाहर निकला उसी दौरान अज्ञात व्यक्ति अपने साथियों के साथ खड़ा था जो प्रार्थी को देखकर अश्लील गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देकर अपने पास रखें चाकू से प्रार्थी के बायें कुल्हे में मारा जिसे देखकर विनोद यादव आकर छुडाया तो अज्ञात आरोपियों ने लोहे के छड से विनोद यादव के दाहिने पेट के पास मारकर फरार हो गये, जिससे विनोद यादव को भी चोट आयी। मामले में पुलिस ने आरोपियों की पतासाजी कर आरोपी सोमनाथ सोनी 30 वर्ष निवासी बीएसयूपी खाल बाड़ा सड्डू, डॉक्टर बघेल 27 वर्ष व अनिल दुबे 30 वर्ष निवासी मण्डीगेट को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक चाकू व लोहे का छड़ जब्त किया है।

### माना कैंप गौठान का कलेक्टर ने किया अवलोकन

**रायपुर (आरएनएस)।** कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे ने आज माना कैंप स्थित गौठान का निरीक्षण किया।इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ डॉ.रवि मित्तल भी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने उन्होंने गौठान में चल रहीआजीविका गतिविधियों की जानकारी ली।उन्होंने अन्य गतिविधियों को लगातार जारी रखने के निर्देश दिए, ताकि महिला समूहों को लगातार रोजग़ार मिले और उन्हें लगातार आय भी होती रहे। उन्होंने गौठान में गोबर खऱीदी और वर्मी खाद उत्पादन की जानकारी भी ली। कलेक्टर ने गौठान में वर्मी टाँको का निरीक्षण किया और महिला समूहों की सदस्यों को खाद बनाने की निर्धारित प्रक्रिया का पालन करने को कहा।उन्होंने नियमित गोबर खऱीदी करने और गोबर को सुरक्षित रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

# खरीफ 2021 की आदान सहायता हेतु रायगढ़ के किसानों को हुआ 98 करोड़ रुपए का भुगतान

❒ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजीव गांधी किसान योजना की द्वितीय किस्त का किया अंतरण

❒ योजना से अब तक प्रदेश में किसानों को 14 हजार 665 करोड़ की आदान सहायता राशि जारी

❒ गोधन न्याय योजना में 5.2 करोड़ रुपये जारी, जिले के हितग्राहियों को मिले 11 लाख



**रायगढ़।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व.श्री राजीव गांधी की जयंती पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज राजीव गांधी किसान न्याय योजना की खरीफ वर्ष 2021 के लिए आदान सहायता की द्वितीय किस्त की राशि जारी की। उन्होंने मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम से किसानों के खाते में राशि अंतरित किया। रायगढ़ जिले के 1 लाख 22 हजार 415 किसानों को दूसरी किस्त के रूप में 98 करोड़ 23 लाख 51 हजार रुपए का भुगतान जारी हुआ। वहीं इस योजना से पूरे प्रदेश के किसानों को अब तक 14 हजार 665 करोड़ रुपए की आदान सहायता दी जा चुकी है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय में देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व.श्री राजीव गांधी की जयंती 'सद्भावना दिवस ' के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री बघेल ने इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को सद्भावना दिवस की शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम के माध्यम से दोनों ही न्याय योजनाओं के हितग्राहियों को 1750 करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की गई। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना की खरीफ वर्ष 2021 की दूसरी किश्त के तहत प्रदेश के 26 लाख 21 हजार किसानों को इनपुट सब्सिडी के रूप 1745 करोड़ रूपए की राशि जारी की गई। इससे पूर्व 21 मई 2022 को राज्य के किसानों को इस योजना की प्रथम किश्त का भुगतान किया गया था। आज द्वितीय किश्त के भुगतान की गई राशि को मिलाकर किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना के शुरू होने के बाद से अब तक 14 हजार 665 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। इस योजना में खरीफ 2019 में 18.43 लाख किसानों को 4 किस्तों में इनपुट सब्सिडी के रूप में 5627 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया। खरीफ वर्ष 2020 के 20.59 लाख किसानों को 5553 करोड़ रूपए की इनपुट सब्सिडी दी जा चुकी है। किसानों को फसल लागत मूल्य कम करने, उत्पादकता बढ़ाने, फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के लिए इनपुट सब्सिडी की यह राशि दी जा रही है। इस वर्चुअल कार्यक्रम में जिले से किसान और विभागीय अधिकारी भी जुड़े।

**गोधन न्याय योजना में 5.24 करोड़ का भुगतान, जिले के हितग्राहियों को मिले 11 लाख-** इस दौरान गोधन न्याय योजना के पिछले पखवाड़े का भी उन्होंने भुगतान किया। योजना के तहत पशुपालकों, गौठान समितियों और महिला स्व-सहायता समूहों को 5.24 करोड़ का भुगतान किया गया। इस राशि मे से गोबर विक्रेताओं को 2.64 करोड़ रूपए तथा गौठान समितियों तथा स्व-सहायता समूह को 2.60 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया। जिले के हितग्राहियों को 11 लाख 31 हजार 118 रुपए का भुगतान किया गया। इस योजना से अब तक प्रदेश में हितग्राहियों को 335 करोड़ से अधिक की राशि का भुगतान किया जा चुका है। इनमें गौठान समितियों तथा स्व-सहायता समूह को अब तक 154.02 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया। गोधन न्याय योजना से 2 लाख 52 हजार से अधिक पशुपालक ग्रामीण गोबर बेच कर सीधे लाभान्वित हो रहे हैं। इनमें 1 लाख 43 हजार से अधिक भूमिहीन शामिल हैं। छत्तीसगढ़ की गोधन न्याय योजना देश-दुनिया की इकलौती योजना है, जिसके तहत गौठानों में 2 रूपए किलो की दर से गोबर तथा 4 रूपए लीटर की दर से गौमूत्र की खरीदी की जा रही है। सबसे ज्यादा वर्मी कंपोस्ट उपयोग करने वाले किसानों का राज्योत्सव में सम्मान किया जाएगा।

## नेपियर रूट्स का विक्रय कर समूह की महिलाओं ने कमाए 1 लाख 50 हजार रूपए

❒ समूह की महिलाओं ने व्यापक पैमाने पर नेपियर घास लगाया तो आमदनी के लिए बनी एक नई राह

❒ जिले में तेजी से चारागाह किये जा रहे विकसित



**राजनांदगांव (आरएनएस)।** जब विकास की रोशनी दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचती है, तब सफलता के नए आयाम खुलने लगते हैं। इसकी एक बानगी है मोहला विकासखंड के जय राम स्वसहायता समूह ग्राम मोहला गौठान की महिलाएं। शासन की सुराजी गांव योजना के तहत मवेशियों की सुरक्षा और चारा-पानी के लिए गौठान में ही चारागाह विकसित किये जा रहे हैं। नेपियर एवं मक्के की फसल ली जा रही है। चारागाह के महत्व को समझकर जब मोहला गौठान के समूह की महिलाओं ने व्यापक पैमाने पर नेपियर घास लगाया तो उनके आमदनी के लिए एक नई राह बनी। समूह की महिलाओं ने नेपियर रूट्स का विक्रय किया। जिससे उन्हें लगभग 1 लाख 50 हजार रूपए की आय हुई। पशुओं के लिए नेपियर घास की खासी डिमांड है और यही समूह की महिलाओं के लिए आय बढ़ाने का जरिया बना। शासन द्वारा महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य किये जा रहे हैं। कलेक्टर डोमन सिंह के मार्गदर्शन में जिले के गौठान में प्राथमिकता से चारागाह विकसित किये जा रहे हैं। उन्होंने सभी गौठान में चारागाह में नेपियर एवं मक्का लगाने कहा है। नेपियर घास संरक्षित कर रखा जा सकता है और चारे के लिए कभी भी मवेशियों को दिया जा सकता है। जिले में तेजी से चारागाह विकसित किये जा रहे हैं।

## यूक्रेन से लौटै 207 विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ शासन मेडिकल कालेज में प्रवेश की अनुमति दे -अनिल शर्मा

❒ छत्तीसगढ़ की सुप्रिया कुमारी सहित नौ राज्यों ने सुप्रीम कोर्ट में लगाई याचिका



**रायपुर (आरएनएस)।** फरवरी माह में रूस और यूक्रेन के बीच हो रहे भयावह युद्ध के थमने के कोई आसार नहीं दिख रहे हैं। भारत सरकार के सहयोग से भारत के 14 हजार चिकित्सा विद्यार्थियों को सुरक्षित रूप से वापस लाने में सफलता मिली। आधी अधूरी पढ़ाई छोडक़र देश लौटने पर मजबूर विद्यार्थियों को भारत लौटने पर आगे की पढ़ाई के लिए सरकारी अथवा निजी चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रवेश नहीं मिल रहा है। जिसके चलते विद्यार्थी भविष्य को लेकर बेहद परेशान है। उक्त जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में यूक्रेन से लौटे चिकित्सा महाविद्यालयों के संगठन के अध्यक्ष अनिल शर्मा सुप्रिया कुमारी, राजेश कुमार, सुनील पुरोहित, अमन शर्मा आदि ने संयुक्त रूप से दी। पत्रकारवार्ता में अनिल ने बताया कि छत्तीसगढ़ के 207 विद्यार्थी चिकित्सा शिक्षा की पढ़ाई के लिए यूक्रेन गये थे। राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री से मिलने पर प्रदेश के चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए विचार करने का आश्वासन दिया गया है। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने भी विद्यार्थियों की पीड़ा को गंभीरता से सुना है। पत्रकारवार्ता में सुप्रिया कुमारी ने बताया कि प्रदेश में चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई है। नौ राज्यों के 14 हजार विद्यार्थियों का भविष्य वहां की सरकारों द्वारा निजी अथवा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में प्रवेश देने पर ही उज्जवल होगा।

वार्ताकारों के अनुसार यूक्रेन जाने का मुख्य कारण अध्ययन के लिए दी जाने वाली फीस में अंतर का है। भारत में चिकित्सा शिक्षा के पांच वर्षीय पाठ्यक्रम के लिए प्रति विद्यार्थी एक करोड़ रुपये देना पड़ता है जबकि यूक्रेन में उक्त पढ़ाई सिर्फ 25 लाख रुपये शुल्क देने पर ही पूर्ण हो जाती है। यूक्रेन गये विद्यार्थियों ने भी वार्ताकारों के मुताबिक नीट परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद ही चिकित्सा अध्ययन के लिए पासपोर्ट वीजा बनवाकर पढ़ाई के लिए यूक्रेन पहुंचे थे।

## कॉर्निया दृष्टिहीनता मुक्त राज्य योजना के अंतर्गत अब तक 281 लोगों की आंखों की रोशनी लौटाई गई

❒ राज्य में ही नेत्रदान को बढ़ावा देकर कार्निया ट्रांसप्लांट के लिए जरुरत पूरी की जा रही, अब तक दूसरे राज्य से कॉर्निया मंगाने की जरुरत नहीं पड़ी

❒ मृत्यु के 6 घंटे के भीतर कर सकते हैं नेत्रदान, एक व्यक्ति के नेत्रदान से दो दृष्टिहीन देख सकते हैं दुनिया

❒ अपने नजदीकी नेत्रबैंक, मेडिकल कॉलेज अस्पताल या जिला चिकित्सालय में कर सकते हैं नेत्रदान

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में कॉर्निया दृष्टिहीनता मुक्त राज्य योजना के अंतर्गत अब तक 281 लोगों की आंखों की रोशनी लौटाई गई है। वर्ष 2019 में हुए सर्वेक्षण के अनुसार कॉर्निया की सफेदी के कारण दृष्टिहीन 1069 रोगी राज्य में चिन्हित किए गए थे। नेत्रदान को बढ़ावा देने हर वर्ष 25 अगस्त से 8 सितम्बर तक नेत्रदान पखवाड़ा मनाया जाता है। प्रदेश में कॉर्निया की सफेदी के कारण दृष्टिहीन रोगियों को ठीक करने कॉर्निया दृष्टिहीनता मुक्त राज्य योजना वर्ष 2019 से संचालित की जा रही है। वैश्विक महामारी कोरोना के कारण इसकी गति में कुछ व्यवधान आया। इस योजना में एन.जी.ओ. तथा निजी क्षेत्र के नेत्र चिकित्सालयों ने भी कॉर्निया की सफेदी के कारण दृष्टिहीन लोगों की सूची में शामिल लोगों के नि:शुल्क ऑपरेशन की सहमति दी है।

राज्य में 281 कॉर्निया दृष्टिहीनों के ऑपरेशन किए जा चुके हैं। कॉर्निया दृष्टिहीनता मुक्त राज्य योजना की शुरूआत के समय 2019 में दूसरे जिले से आए हुए प्रतीक्षारत रोगी के लिए आवश्यकता पडऩे पर अन्य राज्य से कॉर्निया मंगाकर लगाने का प्रावधान किया गया था। किन्तु छत्तीसगढ़ में दूसरे राज्य से कॉर्निया मंगाने की कभी आवश्यकता नहीं पड़ी। वर्तमान में इस प्रावधान को खत्म कर दिया गया है। एक समाचार पत्र में प्रकाशित खबर छत्तीसगढ़ कॉर्निया खरीदने वाला पहला राज्य बनेगा भ्रामक है, क्योंकि योजना के तहत वर्तमान में इस तरह का कोई प्रावधान नहीं है।

राज्य में ही नेत्रदान को बढ़ावा देकर कार्निया ट्रांसप्लांट के लिए जरूरत पूरी की जा रही है। राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य, राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों तथा प्रबुद्ध नागरिकों ने नेत्रदान की घोषणा की है। इससे अन्य नागरिक भी नेत्रदान के लिए प्रेरित हो रहे हैं। नेत्रदान को बढ़ावा देने समाचार पत्रों एवं मीडिया संस्थानों द्वारा भी उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं। नेत्रदान मृत्यु के बाद होता है। मृत्यु के छह घण्टे के अंदर नेत्रदान हो जाना चाहिए। नेत्रदान के लिए चिकित्सक द्वारा स्वयं घर जाकर नेत्र निकाले जाते हैं जो कि नि:शुल्क होता है। यदि किसी ने मृत्यु के पहले नेत्रदान की घोषणा नहीं की हो, फिर भी रिश्तेदार मृत व्यक्ति का नेत्रदान कर सकते हैं। नेत्रदाता को मृत्यु पूर्व एड्स, पीलिया, कैंसर, रेबीज, सर्पदंश, सेप्टीसिमिया, टिटेनस तथा हेपेटाइटिस जैसी बीमारी है तो उसके नेत्र नेत्रदान के लिए अयोग्य समझे जाते हैं। नेत्र ऑपरेशन पश्चात तथा चश्मा पहनने वाले व्यक्ति भी नेत्रदान कर सकते हैं। मधुमेह के मरीज भी नेत्रदान कर सकते हैं। एक व्यक्ति के नेत्रदान से दो दृष्टिहीन दोबारा दुनिया देख सकते हैं। नेत्रदान के लिए अपने नजदीक के नेत्रबैंक, मेडिकल कॉलेज अस्पताल या जिला चिकित्सालय में संपर्क कर सकते हैं।

## प्रदेश में आज हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना



**रायपुर (आरएनएस)।** प्रदेश में आज अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज के साथ छींटे पडऩे की संभावना है। वहीं कुछ स्थानों पर भारी बारिश के साथ बिजली गिरने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार गहरा अवदाब दक्षिण झारखंड और उससे लगे उत्तर उड़ीसा के ऊपर स्थित था, जो पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए दक्षिण-पश्चिम झारखंड और उससे लगे उत्तर-पश्चिम उड़ीसा और उत्तर छत्तीसगढ़ के ऊपर स्थित है। इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए झारखंड, उत्तर छत्तीसगढ़ की ओर से उत्तर मध्य प्रदेश की ओर अगले 24 घंटे में पहुंचने की संभावना है । साथ ही इसके कमजोर पडऩे की संभावना है। मानसून द्रोणिका पश्चिमी छोर अभी हिमालय की तराई में स्थित है और पूर्वी छोर बहराइच, वाराणसी, गहरा अवदाब के केंद्र और उसके बाद पूर्व-दक्षिण-पूर्व की ओर उत्तर बंगाल की खाड़ी तक स्थित है।

## सुनो रायपुर अभियान के तहत चार दिन में एक लाख से ज्यादा लोगों तक पहुंची टीम

❒ रायपुरवासियों को दिए गए साइबर सिक्योरिटी के टिप्स

❒ लोगों को बताए ऑनलाइन फ्रॉड से बचने के उपाय



**रायपुर (आरएनएस)।** लोगों की मेहनत की कमाई पर साइबर ठग डाका न डालें और लोग साइबर ठगों के जाल में न फंसे इसके लिए रायपुर पुलिस विभाग का आईटी सेल सुनो रायपुर अभियान के जरिए लोगों को साइबर सिक्योरिटी के टिप्स दे रहा है। इस अभियान के जरिए बड़ी संख्या में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया जा रहा है। 15 अगस्त से शुरू हुआ ये अभियान 21 अगस्त तक जारी रहेगा।

मिली जानकारी के अनुसार अभियान के तहत जिले के शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में साइबर सेल की टीम और वालेंटियर्स पहुंचकर व्यापक पैमाने पर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। महज चार दिनों में ही जिले के करीब एक लाख लोगों को साइबर स्मार्ट बनाया जा चुका है। हर दिन टीम जिले के चुनिंदा थाना क्षेत्रों में जाकर छात्र-छात्राओं, वर्कर्स, महिलाओं, व्यापारियों एवं आम नागरिकों को साइबर क्राइम से जुड़ी जानकारी और इससे बचने के उपायों की जानकारी दे रही है। वीडियो संदेश, पम्पलेट के माध्यम से भी लोगों को साइबर सुरक्षा की जानकारी मुहैया कराई जा रही है। बीते चार दिनों में रायपुर पुलिस जिले के कई स्कूलों, महाविद्यालयों, यूनिवर्सिटी कैंपस, बाजार, ग्राम पंचायत भवनों, कंपनियों, बैंक, अस्पतालों, फैक्ट्रीज समेत अन्य कई स्थानों पर जाकर लोगों को साइबर सिक्योरिटी के टिप्स दे चुकी है। साथ ही घर-घर जाकर भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

## हमें जीवन जीने की कला सिखाते हैं भगवान कृष्ण के उपदेश: मुख्यमंत्री

❒ राजधानी के गुढ़ियारी में आयोजित कृष्ण जन्मोत्सव एवं दही हांडी उत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री

❒ दही हांडी प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी हुए पुरस्कृत



**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर राजधानी के नगर रोड गुढिय़ारी स्थित मैदान में आयोजित कृष्ण जन्मोत्सव एवं दही हांडी उत्सव में शामिल हुए। वे इस दौरान दही हांडी फोडक़र भगवान कृष्ण से प्रदेशवासियों की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री बघेल ने यहां दही हांडी प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि कृष्ण जन्मोत्सव का हमारे सनातन संस्कृति में महत्वपूर्ण स्थान है। इस पवित्र परंपरा के अनुरूप देश और दुनिया में आज कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री बघेल ने आगे कहा कि भगवान कृष्ण ने गीता के माध्यम से जो महत्वपूर्ण शिक्षा दी है, उसे हम सबको आत्मसात करने की जरूरत है। उन्होंने जिन बातों का उपदेश दिया, उन्हें स्वयं भी जीया। वे सही मायने में हमें जीवन जीने की कला सिखाते हैं। भगवान कृष्ण ने सबसे बड़ी शिक्षा भी दी थी कि अधर्म और अन्याय के खिलाफ युद्ध करना ही धर्म है।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि भगवान कृष्ण को हम हमेशा प्रकृति के बीच पाते हैं। ऐसे में आज उनके जन्मोत्सव के अवसर पर हमारी सरकार ने प्रदेश में धार्मिक, सांस्कृतिक, पर्यावरणीय महत्व के वृक्षों को सहेजने के लिए और उनसे निकटता बनाए रखने के लिए एक महत्वपूर्ण 'कृष्ण कुंज' योजना की शुरूआत की है। 'कृष्ण कुंज' के माध्यम से आने वाली पीढ़ी प्रकृति और पेड़ों के महत्व को सहजता से समझ सकेंगे और उन्हें बचाए रखने के लिए प्रेरित भी होंगे। कार्यक्रम को संसदीय सचिव विकास उपाध्याय तथा विधायक सत्यनारायण शर्मा ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर विधायक मती अनिता योगेन्द्र शर्मा तथा वरिष्ठ नागरिक सर्व सुंदर जोगी, बसंत अग्रवाल और बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480